दैनिक भास्कर

रायपुर में नकली दवा की फैक्ट्री पर छापा:10 करोड़ का माल मिला, आयुर्वेदिक बताकर मिलावटी दवाएं खपाई जाती थीं



रायपुर में नकली दवा फैक्ट्री पर छापा पड़ा। गुरुवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अफसरों की टीम ने ये रेड मारी। एक छोटे से दिखने वाले मेडिकल स्टाेर के भीतर ये फैक्ट्री चल रही थी। दवा के अवैध कारोबार के इस अड्डे से करीब 10 करोड़ की फर्जी और मिलावटी दवाएं मिलीं हैं। इन्हें आयुर्वेदिक बताकर बेचा जा रहा था। लाखों लोगों तक इसे सप्लाई किया जा चुका है। रायपुर की 4 अलग-अलग दुकानों, एजेंसी में ये छापेमार कार्रवाई हुई है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/chhattisgarh/raipur/news/illegal-drug-business-in-raipur-food-drug-administration-department-raid-illicit-drugs-worth-10-crore-recovered-130874236.html